तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

11 धान बोनस राशि वितरण समारोह में शामिल...

12 मोदी की गारंटी हर घर में पहुंच रही...

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

खबर संक्षेप

बेलसोंडा में बुजुर्ग ने किया चापड़ से जानलेवा हमला, युवक गंभीर

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा में युवक की बातों से उग्र हुए बुजुर्ग ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सागर चंद्राकर पिता भरत लाल (27 साल) ने रमेश चंद्राकर पिता चमरू चंद्राकर (69 साल) को गांव में शराब बेचकर गांव का माहौल खराब कर रहे हो कहते हुए थप्पड़ मार दिया, जिस पर रमेश चंद्राकर गुस्से में आकर घर के अंदर गया और चापड़ लाकर सागर पर ताबड़ तोड़ हमला कर दिया। जिससे सागर के सिर, चेहरे, गर्दन में गंभीर चोटें आई। पुलिस ने आरोपी के विरुध्द धारा 307 भादवि के तरह अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पान ठेला से 9 लीटर प्लेन शराब बरामद

महासमुंद। सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए ललित साहू पिता जोईधा राम साहू (40 साल) ग्राम पिटियाझर को पान ठेला में रखे 9 लीटर देशी प्लेन शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम करते हुए कार्रवाई की गई है।

महुआ शराब बेच रहा व्यक्ति गिरफ्तार

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान महुआ शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार ग्राम घुंचापाली बांधा के पास अवैध शराब की बिक्री कर रहे सेवक राम नेताम पिता ओल सिंह नेताम (42 साल) घुंचापाली को 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए के साथ पकड़ा है। पुलिस ने धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी पर अपराध कायम करते हुए रिमांड पर लिया है।

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश की शहर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश की शहर में सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्रीराम मंदिर प्रांगण से शुरू होकर नेहरू चौक, स्वामी चौक होते हुए गांधी चौक पहुंची। जिसमें शहर सहित ग्रामीण भी भारी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा के बाद मुख्य मंदिर श्री राम मंदिर प्रांगण में राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र द्वारा अयोध्या धाम से आए हुए पूजित अक्षत, पत्रक एवं नवनिर्मित भव्य राममंदिर छायाचित्र का वितरण किया गया।

इस आयोजन के अवसर पर सोमवार की सुबह महासमुंद नगर पुरोहित पं पंकज तिवारी के अगुवाई में राम मंदिर के मुख्य पुजारी पं नारायण वैष्णव, पं सुरेंद्र महाराज, उपस्थित पुरोहितों, कारसेवकों एवं आए हुए समस्त रामभक्तों द्वारा स्वस्ति वाचन, मंगलाचरण उपरांत मंगलमयी पुण्य कार्य के निर्विघ्न संपन्नता हेतु नगर में विराजमान समस्त देवी देवताओं का आह्वान, पूजन एवं शांतिपाठ किया गया। सभी वार्डों एवं मंडलों से आए हुए राम कलश का पूजन, राम स्तुति, भगवान की आरती उपरांत सामग्री का वितरण किया गया। टोलियो द्वारा भजन कीर्तन के साथ नगर भ्रमण हेतु कलश यात्रा निकाली गई। जिला मुख्यालय के सभी वार्डो से व महासमुंद विकासखंड के सभी मंडलों से राम भक्त स्वस्पूर्त होकर हजारों की संख्या में पहुंचे। प्रत्येक हिंदू सनातन परिवार में अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत, पत्रक एवं मंदिर का छायाचित्र को पहुंचाने का कार्य 1 से 15 जनवरी के बीच सनातन टोलियों द्वारा किया जाएगा। नगर अंतर्गत बस्तियों एवं गांव में निर्मित सनातन टोली द्वारा आमंत्रण के लिए अक्षत पत्रक एवं फोटो पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

पूजित अक्षत, पत्रक एवं नवनिर्मित भव्य राममंदिर छायाचित्र का किया गया वितरण

भजन कीर्तन के बाद प्रसाद का वितरण

कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से आए भजन कीर्तन की टोली एवं महिला मंडल समिति द्वारा प्रस्तुत भजनों के द्वारा राम मंदिर प्रांगण एवं महासमुंद नगर पूर्ण राममय हो गया। राम कार्य हेतु निस्वार्थ समर्पण एवं राम काज के इस गौरव पूर्ण पल को सभी ने आत्मसात किया। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा समस्त हिंदू एवं सनातन परिवारों को कृतज्ञ भाव के साथ साधुवाद प्रदान किया गया। प्रसाद वितरण के साथ आज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इनकी रही सहभागिता

प्रांत व्यवस्था प्रमुख घनश्याम सोनी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के सह संयोजक विक्रम सिंह ठाकुर, महेश मक्कड़, राजेश डड़सेना, नारायण साहू, जैनेंद्र चंद्राकर, नारायण ठाकुर, आलोक दुबे, अनूप उपासे, राजू दुबे, विपिन शर्मा, जितेंद्र पप्पू साहू, सुधा साहू, प्रिया योगेश्वर सिन्हा, मीना वर्मा, कामिनी चंद्राकर सहित नगर के सभी 10 बस्तियों के बस्ती प्रमुख और उनके पालक ग्रामीण खंड से सभी प्रमुख और विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ता शामिल रहे।

आयोजन : विधायक योगेश्वर ने किसानों को वितरित किए प्रमाण पत्र

सुशासन दिवस पर किसान मालामाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल

- 1 लाख 72 हजार 366 किसानों को मिला 2 साल का बोनस 352 करोड़ रुपए
- वर्ष 2014-15 एवम 2015-16 में कुल उपार्जित धान 1 करोड़ 17 लाख 33 हजार 995 क्विंटल धान का मिला बोनस राशि

बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राष्ट्र सहित पूरे राज्य में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा बकाया 2 वर्षों का धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण सीधे किसानों के खाते में किया गया। जिले के 1 लाख 72 हजार 366 किसानों को 352 करोड़ रुपए की राशि उनके खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए। इस अवसर पर महासमुंद कृषि उपज मंडी प्रांगण में कार्य का आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किसानों को बधाई देते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज वास्तव में सुशासन का दिवस है। राज्य के किसानों को आज धान का बकाया बोनस राशि सीधे उनके खाते में जारी किया गया। आज प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का एक और संकल्प पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी संकल्प पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि आज सुशासन दिवस पर जिले के 1 लाख 72 हजार 366 किसानों को मिला 2 साल का बोनस राशि 352 करोड़ रुपए मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के सहयोग के कारण ही सरकार बनी है। सिन्हा ने कहा कि पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती को राज्य सरकार सुशासन दिवस के रूप में मना रही है।

राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बोनस राशि जारी किया। मुख्यमंत्री साय ने राज्य के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए के बोनस का वितरण किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने ग्राम सोरिद के किसान रोमपाल चंद्राकर से सीधा संवाद किया। रोमपाल ने बताया कि उन्होंने सोचा नहीं था कि आज उन्हें 2 साल का बोनस मिलेगा। लेकिन, आपने बोनस दे दिया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। रोमपाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे सीमांत किसान है। उनका ढाई एकड़ खेत है, जिसमें वे धान बोते हैं। उन्हें आज 23 हजार 280 रुपए मिला। उनका कहना है कि वे इस राशि का खेत के सुधार में उपयोग करेंगे और अपनी नातिन के लिए सायकल खरीदेंगे।

वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से महासमुंद सहित विकासखंडों में मुख्य अतिथि सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित जिले के किसान भी जुड़े थे। मंडी परिसर पिटियाझर में आयोजित समारोह में विधायक व मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा, चंद्रहास चंद्राकार, पवन पटेल, संदीप दीवान, मोती साहू, येतराम साहू, देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, राकेश चंद्राकर, सुधा साहू, सतपाल सिंह पाली, विष्णु चंद्राकर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, एसडीएम उमेश साहू, सीएमओ टामसन रात्रे सहित बड़ी संख्या में किसान साथी मौजूद थे।

352.02 करोड़ दो वर्षों का धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरित

उल्लेखनीय है कि जिले में राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के दौरान उपार्जित धान की कुल मात्रा एक करोड़ 17 लाख 33 हजार 995.78 क्विंटल का प्रति क्विंटल 300 रुपए के मान से कुल राशि 352.02 करोड़ रुपए किसानों के खाते में जारी किया गया। किसानों को उक्त दोनों वर्षों का खरीफ विपणन वर्ष में उपार्जित धान के लिए प्रोत्साहन राशि 300 रुपए प्रति क्विंटल के मान से दी गई। खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के कुल 81 समिति के 122 उपार्जन केंद्रों में 59 लाख 33 हजार 761.60 क्विंटल धान उपार्जित किए गए थे, जिसका प्रोत्साहन राशि 178.01 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2015-16 में कुल उपार्जित धान 58 लाख 234 क्विंटल उपार्जित धान का 174.01 करोड़ रुपए जारी किया गया। इस तरह जिले के कुल 172366 किसानों को कुल 352.02 करोड़ राशि दो वर्षों का धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरित किया गया।

किसानों के चेहरे खिले

बोनस वितरण कार्यक्रम में उत्साह के साथ पहुंचे ग्राम लोहरडीह के किसान नारायण यादव ने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि आज बकाया दो साल का बोनस राज्य सरकार दे रही है। उहोंने बताया कि उनका 6 एकड़ खेत है। जिसमें धान बोते हैं। उसे अब प्रति क्विंटल 300 रुपए के मान से दो साल का लगभग 90 हजार रुपए बोनस मिलेगा। वे इस राशि का ट्रैक्टर का किश्त भरेंगे। आज उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने इस वादा के लिए राज्य सरकार और प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी तरह किसान तुलाराम भारती ने बताया कि उनका 3 एकड़ खेत है। जिसमें धान विक्रय किया था। आज बोनस के रूप में लगभग 27 हजार रूपए उनके खाते में आएंगे।इस बोनस राशि से वे कुछ नया काम करेंगे।

मध्यप्रदेश के तस्करों से 6 लाख का गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/सरायपाली

दोपहिया वाहन स्कूटी में 6 लाख रुपए का गांजा तस्करी कर रहे दो युवकों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के वाहन जांच में 12 किलो गांजा पाया गया जिसे वे ओड़ीशा से लेकर मध्यप्रदेश ले जा रहे थे।

सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी को 24 दिसंबर को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर ओडिशा की ओर से आ रही वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान छत्तीसगढ की ओर आ रही एक सफेद कलर की स्कूटी डेस्टिनी प्राइम सोल्ड को रोका गया। स्कूटी चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सौरभ मिश्रा पिता दिनेश कुमार मिश्रा (29 साल) नासी वार्ड नंबर 13 ग्राम मनिकवार पोस्ट दुअरा थाना मनगवां जिला रीवां मध्यप्रदेश तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कौशलेश प्रसाद तिवारी पिता केशरी तिवारी (24 साल) निवासी पतेला पोस्ट दुअरा थाना लेर जिला रीवां मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कूटी में रखे बोरी को चेक किया तो उसमें 12 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना सिंघोड़ा में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई, साथ ही 12 पैकेट मे भरा हुआ कुल 12 किलोग्राम गांजा, स्कूटी व अन्य सामान जब्त किया गया।

बदली की वजह से तापमान में आंशिक वृद्धि, दो दिन बाद आएगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में आने वाली हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है, साथ ही नमी आने से मौसम में बदलाव हुआ है और बदली का असर है। बदली की वजह से प्रदेश के सभी जिलों के न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो रही है। अनुमान है कि अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के जिलों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी, उसके बाद दो दिनों में हल्की गिरावट का दौर फिर से शुरू होगा। 25 दिसंबर को महासमुंद का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

ठंड पर इस साल बार-बार पश्चिमी विक्षोभ के चलते ब्रेक लगता जा रहा है। कड़ाके की ठंड का असर शुरू हुआ था कि दो दिनों से फिर मौसम के तेवर बदल गए हैं और बदली छा रही है। ठिठुरती ठंड का असर थोड़ा कम हुआ है फिर भी अभी अच्छी ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों के दौरान मौसम में फिर से बदलाव होगा और कड़ाके की ठंड की शुरूआत होगी। कुछ दिनों पूर्व उत्तर भारत से आ रही ठंड हवाओं का असर जिले में पूरी तरह से दिखाई दे रहा था। सुबह और रात्रि में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी थी। तापमान में लगातार गिरावट हो रही थी। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। जबकि, अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। लेकिन, पश्चिमी विक्षोभ के असर से हवा की दिशा में परिवर्तन होने से नमी की मात्रा बढ़ गई है। इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। अधिकतम तापमान में भी 1-2 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। अगले 5 दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

अमृत भारत स्टेशनः प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने के साथ ही पांच और शेड निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधा प्रदान करने के लिए पूर्वी तट रेलवे अंतर्गत चयनित महासमुंद स्टेशनों का कायाकल्प शुरू हो गया है। प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने के साथ ही यात्रियों को धूप व बारिश से बचाने के लिए पांच और शेड का निर्माण किया जा रहा है। इसमें प्लेटफार्म नंबर एक में तीन शेड और दो नंबर में दो शेड का निर्माण हो रहा है। जबकि, फिलहाल दोनों प्लेटफार्म में दो-दो शेड पहले से मौजूद हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन पर उन्नत व दी जाने

वाली जरूरी सुविधाओं में खान-पान, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट, वॉशरूम, कवर शेड, स्टैंडर्ड साइनेज आदि शामिल होंगे। इन स्टेशनों को विश्व स्तरीय रूप देते हुए ग्रीन स्टेशन का रूप दिया जा रहा है, जहां प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का प्रावधान है। स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजन के अनुकूल सुविधाएं होंगी। स्थानीय कला और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के डिजाइन तथा स्वरूप का उन्नयन किया जाएगा। साथ ही स्टेशन परिसरों को मनमोहक स्वरूप दिया जा रहा है। इससे यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ रोजगार बढ़ने की व्यापक संभावना विकसित होगी, जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

मुख्य द्वार के दोनों तरफ से होगी आवाजाही

महासमुंद स्टेशन में प्रस्तावित पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत बिल्डिंग के दोनों तरफ से शहर में सभी सुविधाओं के साथ व्यापक एंट्री का प्रावधान है। प्रस्तावित स्टेशन बिल्डिंग में हेरिटेज महत्व के साथ-साथ स्थानीय कला और संस्कृति का समावेश, भविष्य की संभावित प्रावधान किया जाएगा। ग्रीन स्टेशन देने के लिए स्टेशन के सामने गार्डन बनाया जाएगा। साथ ही वाहनों के लिए समुचित पार्किंग स्थल बनाया जाएगा।

सीमा पर खड़ी की जा रही दीवार

छिपियापारा की ओर रेलवे द्वारा अपनी जमीन को अवैध कब्जे से सुरक्षित रखने दीवार खड़ी की जा रही है। इससे नयापारा की ओर से आने वाला मार्ग बंद हो जाएगा और उन्हें दलदली मार्ग या तुमगांव रोड की ओर से स्टेशन आना पड़ेगा। हालांकि, स्टेशन का कायाकल्प करने की योजना में छिपिया पारा की ओर से भी चौड़ी सड़क के अलावा आकर्षक प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे।

जन्मदिवस पर जमकर की गई आतिशबाजी, केक काटकर मनाया क्रिसमस पर्व

प्रभु यीशु के जन्म लेते ही बजने लगी चर्च की घंटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में रविवार को प्रभु यीशु के जन्मदिन को लेकर उत्साह जैसा माहौल रहा। आधी रात को प्रभु यीशु का जन्म हुआ था। इसलिए, ठीक 12 बजे गिरिजाघरों में घंटियां बजने लगी। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। केट काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को सेलिब्रेट किया गया। फिर बड़े दिन की खुशी में मसीही समाज के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। क्रिसमस को लेकर शहर के सभी चर्च को आकर्षक विद्युत झालरों तथा क्रिसमस ट्री से सजाया गया था।

बता दें कि हर साल 25 दिसंबर के दिन मसीही समाज प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं, जो मसीही समाज का सबसे बड़ा और खुशी का त्योहार होता है। क्रिसमस के कुछ दिन पहले से ही विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं जो नए साल के पहले दिन तक चलता है। स्थानीय सेंट पीर्टस चर्च के रेव्ह. प्रवेंद्र सिंह ने बताया कि क्रिसमस पर्व (बड़ा दिन) मसीही समाज का प्रमुख त्योहार होता है। क्रिसमस से पूर्व समाज की एक टोली समाजिक जनों के घर-घर जाकर प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव के संबंध में गीत गाए और बाइबिल का संदेश दिए। क्रिसमस के दिन चर्च में सुबह 10 बजे विशेष आराधना के बाद प्रभु यीशु मसीह का जन्म उत्सव मनाया गया। जिसमें प्रभु के जन्म से संबंधित झाकियां प्रस्तुत की गई। बाद 26 को खेलकूद प्रतियोगिता, 28 को गीत-संगीत का कार्यक्रम 31 की रात विशेष आराधना के साथ नववर्ष का स्वागत और एक जनवरी को विशेष आराधना के साथ सात दिवसीय इस पर्व का समापन होगा।

पवित्र गौशाला में मना जन्मोत्सव

चर्च में रात 12 बजे चर्च में बनी पवित्र गौशाला में प्रभु जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पल्ली पुरोहितों के द्वारा मिस्सा पूजा सम्पन्न कराया गया। प्रभु के जन्म का संदेश सुनाया गया। तत्पश्चात यहां उपस्थित अनुयायियों ने सामूहिक प्रार्थना की। प्रभु आगमन के स्वागत गीत गाए गए। प्रभु के जन्म की खुशियां मनाई गई। एक दूसरे से गले मिलकर प्रभु के जन्म की खुशियां बांटी।

घरों में सजी झांकी

शहर के प्रायः सभी चर्च में सोमवार को सुबह से ही मसीही समाज के लोग आए। इस दौरान वे एक दूसरे को मैरी क्रिसमस की बधाई दिए। चर्च में विशेष प्रार्थना सभा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है, जहां समाज के छोटे बच्चे तथा युवा क्रिसमस को सेलिब्रेट किए। क्रिसमस को लेकर मसीही समाज के घरों में सजावट की गई। प्रभु यीशु के जन्म प्रसंग चरनी, भेड़ व शिशु के रूप में प्रभु की झांकियां सजाई गई।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

खबर संक्षेप

गीता जयंती पर आस्था की विचार गोष्ठी हुई

महासमुंद। आस्था साहित्य समिति द्वारा वृन्दावन विद्यालय में गीता जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रही। कार्यक्रम में अध्यक्षता साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, चन्द्रहास चंद्राकर, संदीप दीवान, एस चंद्रसेन, उत्तरा विदानी, डॉ. साधना कसार, केके पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मानस मर्मज्ञ कृष्ण कुमार पाण्डेय द्वारा गीता पाठ के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से प्रिया सिन्हा ने कहा कि गीता हमारे जीवन का सार है। उन्होंने कहा कि भगवान कहते हैं तुम मेरे राह में चलकर तो देख मैं राहों में फूलों की वर्षा कर दूंगा। साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि गीता सनातन संस्कृति की शाश्वत धरोहर है। यह सर्व शास्त्रमयी व महाभारत का नवनीत है। इसमें ज्ञान कर्म व भक्ति के पावन उपदेश है। साहित्यकार एस चन्द्रसेन ने कहा कि गीता हमें कर्तव्य पथ पर सत्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब की जिलाध्यक्ष उत्तराविदानी मौजूद रही।

प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से सपना होगा साकार: सांसद

मोंगरापाली और भुरकोनी में शामिल हुए महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर महासमुंद जिले में निरंतर जारी है।

जिले के महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली, परसाडीह, गढ़सिवनी, पीढ़ी और पिथोरा के नवागांव कला, भुरकोनी, पिलवापाली, सरायपाली के गोहरापाली, तोरेसिंहा, बागबाहरा के मोंगरपाली स में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

ग्राम मोंगरापाली और भुरकोनी में महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से सबका सपना साकार हो रहा है। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से जो भी हितग्राही योजना से वंचित हुए हैं उन्हें लाभ देने का एक सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गठन होते ही 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिलेगा। इसी तरह उज्ज्वला गैस कनेक्शन भी अब आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सब विकसित भारत का संकल्प लें और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले। उन्होंने शिविर में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया।

उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में ओडीएफ प्लस, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केंद्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल होकर अनुभव साझा कर रहे हैं। इस संकल्प यात्रा के दौरान स्वागत, प्रधानमंत्री मोदी का रिकार्डेड संदेश प्रसारण, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों ने अनुभव साझा किए। कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत की जा रही है।

बिरकोनी स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा, क्रिकेट में छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्शन

महासमुंद। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में चार दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार से शनिवार तक किया गया। प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू द्वारा सरस्वती माता के पूजन से प्रतियोगिता प्रारंभ किया गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल के मार्गदर्शन में हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में व्याख्याता परस राम सिन्हा का विशेष योगदान रहा। दसवीं और बारहवीं की टीम विजेता रही। नवमी और दसवीं की टीम उपविजेता रही। नवमी से गीतांजलि, दसवीं से दामिनी, अंजलि, गुंजा, कमलेश्वरी, खिलेश्वरी ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम के लिए रन बनाए। बारहवीं से खुशी, गीतांजली, ग्यारहवीं से मुस्कान परवीन, राखी, झरना, रूपा, कुसुम ने अच्छे प्रदर्शन किए। इसी तरह कबड्डी, खो-खो, बॉलीबाल में भी दसवीं और बारहवीं की टीम विजेता रही और नवमीं और ग्यारहवीं की टीम उपविजेता रही। कबड्डी में नीलम मंडलोई, नीलम साहू, मुस्कान परवीन, चंचल साहू, गरिमा साहू, सीमा गायकवाड़, नीतू, खो खो में नीतू, अंजू साहू, गीतांजली, झरना, मनीषा, धनेश्वरी, बॉलीबाल में चंचल, अलीशा, गंगा डहरिया, रूपा वैष्णव, कुसुम निषाद, ज्योति साहू, राखी यादव, भारती चंद्राकर उपस्थित रहे। स्लो सायकल में धनेश्वरी, सोनिया, गीतांजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुगड़ी में नवमीं से प्रथम दिव्या कंवर, द्वितीय कुलेश्वरी चंद्राकर, दसवीं से प्रथम भामिनी, द्वितीय उर्वशी पटेल, ग्यारहवीं से प्रथम धनेश्वरी, द्वितीय सीमा गायकवाड़, बारहवीं से प्रथम गरिमा निषाद, द्वितीय अंजली रहे। पूरी खेल प्रतियोगिता में व्याख्याता रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संत राम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, मनीषा तिर्की, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन एवं कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी सहिस, सुरेखा मिश्रा, छात्राएं शेया टिकेदार, सुमन साहू, रागिनी साहू, दुर्गा साहू, मनीषा साहू, मीनाक्षी साहू, तुषिता चंद्राकर, मोनिका निषाद, वीणा चंद्राकर का सहयोग रहा।

इमलीभाठा में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी

महासमुंद। श्रीराम जन्मभूमि पवित्र तीर्थ स्थल अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक वार्ड नं 2 इमलीभाठा में बस्ती पालक नारायण सिंह ठकुर, टेकराम सेन एवं विजय चंद्राकर के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर नाम जोड़ने की जिम्मेदारी योगेश कश्यप, खिलावन साहू, जी विजयलक्ष्मी को दी गई। इसी क्रम में सूचना प्रमुख के रूप में सोनाई विश्वकर्मा, शकुंतला देवांगन, निर्मला चंद्राकर, मीना चंद्राकर, ज्योति पवार, मंदिर प्रभार के लिए शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर गौरा चौक इमलीभाठा, नंदकुमार देवांगन, गोपी तंबोली, महावीर पवार, सेवक विश्वकर्मा, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, कन्हाई परमेश्वरी मंदिर के लिए योगेश कश्यप, गणेशचन्द्र गोहिल, हनुमान मंदिर एवं बाँधा स्थित हनुमान मंदिर के लिए जगदीश साहू, सारांश इंगोले, पार्षद राहुल चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, प्रभात फेरी हेतु संगीतकार जगदीश साहू, नंद कुमार, राधेश्याम गोवर्धन, संतोष चंद्राकर, देवलाल साहू, किशुन निषाद एवं महिला विंग की जिम्मेदारी संगीता गोस्वामी, संध्या गोहिल, मंदाकिनी ठाकुर, चन्द्रकला, कमला पन्चेश्वर, सरोज, नीरा देवांगन, त्रिवेणी चंद्राकर, कुमारी देवांगन को दी गई है। संपूर्ण कार्यक्रम में भजन कीर्तन के लिए जगदीश साहू एवं उनके मानस मंडली, एलईडी व्यवस्था के लिए राहुल चंद्राकर, मुकेश पवार एवं टेंट के लिए शाकंभरी टेंट हाउस को प्रभार दिया गया। बैठक पश्चात समीपस्थ भागवत कथा स्थल जाकर भागवताचार्य पं प्रवीण चंद्र से भेंटकर प्रतिदिन कथा के दौरान 22 जनवरी के लिए श्रद्धालुओं को सूचना के लिए निवेदन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद देवीचंद राठी, एमआर विश्वनाथन, सुजाता विश्वनाथन, हनीश बग्गा, सीएस गौर, जगदीश साहू सहित समस्त मोहलेवासी उपस्थित रहे। भागवत कथा स्थल पर आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाने की अपील की गई। उक्त जानकारी एमआर विश्वनाथन ने दी है।

भाजपा ने अदानी को दे दिया छत्तीसगढ़ का जल, जंगल, जमीन : विनोद

भाजपा सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में आदिवासियों को तबाह करने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरगुजा जिले के उदयपुर में संचालित पीकेईबी कोल ब्लॉक में हजारों पेड़ों की बलि आदिवासियों के अधिकारों पर कुठाराघात है। आदिवासी समाज के लिए जल, जंगल और जमीन बहुत मायने रखती है। आदिवासी जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए लड़ रहे हैं। और आदिवासी मुख्यमंत्री तमाशबीन की तरह मूकदर्शक बनकर देख रहे हैं। विष्णुदेव साय पहले ऐसे आदिवासी मुख्यमंत्री है, जो स्वयं आदिवासी होकर आदिवासियों के विरूद्ध दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। उपरोक्त बातें पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरगुजा के उदयपुर इलाके के घाटवरी के पेंड्रामार में सैकड़ों हेक्टेयर में आच्छादित वनों के हजारों पेड़ों को काटे जाने के विरोध में कही। चंद्राकर ने कहा कि आदिवासियों के हित व उनके अधिकारों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस शासन काल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उक्त क्षेत्र में जंगलों की कटाई तथा कोल उत्खनन पर रोक लगा दिया था। उन्होंने कहा था कि कोल उत्खनन के लिए हरे-भरे जंगलों की कटाई न्याय संगत नहीं है। कोल

उत्पादन के लिए जो क्षेत्र तय किया गया, उसमें करीब 70 प्रतिशत इलाका तो फॉरेस्ट लैंड एरिया है। इसी क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की जा रही है, जो आदिवासियों के जीविकोपार्जन का मुख्य क्षेत्र है। चंद्राकर ने आगे कहा कि प्रदेश में बड़े उद्योगपतियों (भाजपा) की सरकार बनते ही यहां के जल, जंगल, जमीनों को भाजपा द्वारा अदानी, अंबानी जैसे उद्योगपतियों के हवाले कर दिया गया है। कोल माइंस के लिए यह जमीन अदानी को दी गई है। वहीं, आदिवासियों के विरोध को दबाने रामलाल करियाम साल्ही, जयनंदन सिंह पोर्ते सहित अनेक आदिवासियों को बेवजह गिरफ्तार कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। कार्य की गति देखिए पेड़ों को काटने पेट्रोल से चलने वाली 500 से अधिक आरा मशीनों की मदद ली जा रही है। कोयला खदान के लिए 134.760 हेक्टेयर जमीन से लाखों पेड़ों की कटाई की जा रही है।

समृद्ध जैव विविधता वाला जंगल हो जाएगा नष्ट

पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा, सरगुजा और सूरजपुर जिले के बीच स्थित हसदेव समृद्ध जंगल है। करीब एक लाख 70 हजार हेक्टेयर में फैला यह जंगल अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की साल 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक इस क्षेत्र में 10 हजार आदिवासी हैं। हाथी, तेंदुआ, भालू, लकड़बग्घा जैसे जीव, 82 तरह के पक्षी, दुर्लभ प्रजाति की तितलियां और 167 प्रकार की वनस्पतियां पाई गई है। जंगल कटने से यह सब नष्ट हो जाएगा।

मनखे-मनखे एक समान का संकल्प हो रहा है पूरा : पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खट्टी में शनिवार को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के 267वीं जयंती मनाई गई। इसमें प्रमुख रुप से पवन पटेल छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष व विधायक राजू सिंहा के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद रहे। अध्यक्षता दिनेश बंजारे प्रदेशाध्यक्ष युथ प्रगतिशील छग सतनामी समाज ने की। विशिष्ट अतिथि विजय बंजारे जिलाध्यक्ष सतनामी समाज, मुन्ना साहू सरंक्षक छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ, रेखराज बघेल जिलाध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति समाज, दिग्विजय साहू सभापति जनपद पंचायत, नीलम दीवान पूर्व महापौर भोपाल व सर्व समाज के लोग शामिल हुए।

जैतखाम में पालों समाज के जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने चढ़ाया तथा सभी अतिथि पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में अपना विचार प्रकट किया। इस मौके पटेल ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के मनखे मनखे एक बरोबर के नारा आज पूरा हो रहा है। संविधान में उल्लिखित समानता को सामाजिक राजनीतिक कार्यक्रम में फलित कर रहे हैं। दिनेश बंजारे ने कहा कि जो भी आदमी बाबा के मार्ग पर चला उसका जीवन सार्थक हो गया। हर आदमी को एक दिन इस दुनिया से जाना है इसलिए हमें मानव समाज के बेहतरी के लिए अच्छा कार्य करके जाना चाहिए। जिससे इतिहास में नाम अमर हों। विजय बंजारे ने समाज के लोगों से नशापान से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार प्राप्ति पर ध्यान देने का आह्वान किया। रेखराज बघेल ने आडंबरों से दूर रहकर सतनाम को धारण करने के लिए कहा। दिग्विजय साहू ने गिरौदपुरी में स्थित चरणकुंड, अमृत कुंड का बखान किया। कार्यक्रम में गांव के मुखियागण किशुन यादव, नकुल मेहर, रश्मि चौहान, तुकाराम ध्रुव, कांत शर्मा, रमेश शर्मा, चिन्ता राम, महेश देव जोशी, देव बंजारे, मनहरण, घनश्याम खेमराज, हीरा मिरी, प्रेम साहू, रहीम चौहान व ग्रामवासी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन सोनालाल गुरुजी व मंच संचालन तुलस घृतलहरे ने किया।

दैवेभो कर्मचारी फेडरेशन की हुई बैठक, नियमितीकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन के बेनर तले रायपुर जल संसाधन विभाग कर्मचारी भवन में बैठक हुई। जिसमें वन विभाग, वन विकास निगम, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, जल संसाधन विभाग, उधानिकी विभाग, कृषि विभाग, पीएचई विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी / दैनिक श्रमिक/वाहन चालक/डाटा एन्ट्री आपरेटर/कंप्यूटर आपरेटर लोग उपस्थित रहे हैं।

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक रामकुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा के सरकार को लाने के लिये दैनिक वेतन भोगियों ने 14/07/2023 की तुता धरना स्थल में हाथ में गंगा जल लेकर कांग्रेस की सरकार वोट न करते हुए भाजपा को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया था। उक्त धरनास्थल में वर्तमान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, राजीव अग्रवाल उपस्थित रहे थे। सभी मंत्रियों ने नियमितीकरण करने का वादा किया। और वर्तमान में जन घोषणा पत्र में रखा गया है। उक्त मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नियमितीकरण का पहल जल्द किया जाएगा कहा गया है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने बैठक में यह निर्णय है कि लोक सभा चुनाव के पहले ही नियमितीकरण एवं स्थायीकरण की मांगों पर कैबिनेट की बैठक में निर्णय हो, जिसके लिए समस्त जनप्रतिनिधियों को सतत संपर्क करने का अभियान चलाना है और लोक सभा के पहले नियमितीकरण कराना है। संगठन ने विगत 10 वर्षो से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण एवं 08 वर्ष से 02 वर्ष के मध्य कार्य करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का स्थायीकरण का मांग रखा है। भाजपा की सरकार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के मांग को गंभिरता से लें और नियमितीकरण स्थायीकरण करने संबंधित उचित निर्णय लेंवें। बैठक में प्रदेश संयोजक रामकुमार सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता मनोज सोना, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम निषाद, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जनक लाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा, प्रदेश महामंत्री रोहित कुमार साहू, कुलेश्वर साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी शोभाराम ध्रुव, विजय पटेल, जितेन्द्र सोनी, पवन रेड्डी, गज्जु सिन्हा, अजय गुप्ता, नविन झा, शिवचरण बंजारें, शोभनाथ साहू, दुर्गेश वर्मा, पंकज जायसवाल, देवकुमार साहू, किशोर कुमार, सरिता देवांगन, आशीष चन्द्राकर, नितेश कुमार साहू, मनीष नाग, कुलदीप मिश्रा, कौशिक, कोमल पटवार, गोपाल, राधेश्याम वर्मा, डगेश्वर पटेल प्रदेश महामंत्री सफाई कर्मचारी, वंदना फोफसे, रूपाली दानी, सोनाली मजुमदार, कविता भोई, ललिता जांगड़े, जमुना बाई साहु, निरोज सब्बासी, अश्वनी शर्मा तथा लगभग 400 दैनिक वेतन भोगी उपस्थित रहे।

18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले पात्र व्यक्तियों को मिलेगा योजना का लाभ

महासमुंद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार 3 लाख रुपए का ऋण 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराएगी। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपए का लोन दिया जाएगा। दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक का लोन लिया जा सकता है। कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपए का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपए का अनुदान देने की सुविधा है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन 1 रुपए निर्धारित है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि इस योजना अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची/जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता आदि शामिल है।

रामचण्डी कॉलेज में सात दिवसीय रासेयो शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रामचंडी महाविद्यालय बगईजोर में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का थीम नशा मुक्ति के लिए युवा पर आधारित है। इस कार्यक्रम शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गीत प्रस्तुत कर किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौदामिनी विशाल सरंपच प्रेतनडीह, राजेंद्र साहू (उपसरपंच), अध्यक्षता डा एनके भोई प्राचार्य रामचंडी महाविद्यालय, संचालक-सुभाषचंद्र साहू, उपसंचालक- सतीश चंद्र साहू,

वीरेंद्र बारीक, प्रकाश प्रधान, एसके भोई, सपन दास, प्रदीप बारीक, हेल्प डेक्स प्रभारी आरएस मांझी, सहा. प्राध्यापक डी नायक, शंभुप्रसाद पटनायक, अजय पटेल, डा शबनम खातून, प्रवेश प्रधान, अक्षय कुमार कंवर, नीरज साहू, रजनी प्रधान, सुनील पटेल, लवकुमार पटेल, अजय कुमार साहू, सागर वर्मा, नीलिमा प्रधान, जयशंकर भूमिजन, साजन चौधरी, इंद्रजीत यादव, कन्या हास्टल अधीक्षक प्रियंका दीप, छात्रवृत्ति प्रभारी गोवर्धन यादव, विजय प्रधान, संजना प्रधान, सेतकुमार मल्होत्रा, गोपराम पटेल उपस्थित रहे।

सात दिवसीय शिविर में विभिन्न दिवसों पर कई कार्यक्रम विभिन्न विभागों के सहयोग से किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस प्रभारी भरत कुमार प्रधान एवं दलनायक रोहित राणा एवं उप दल नायक सुमन प्रधान एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित है।

डाइट में गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को किया स्मरण

महासमुंद। राष्ट्रीय गणित दिवस एवं 22 दिसंबर श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य मीना पाणिग्राही, सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुए सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि रामानुजन एक महान गणितज्ञ थे। उन्होंने गणित को प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकता निरुपित करते हुये गणित की सहजता को राष्ट्र को समर्पित किया। वरिष्ठ व्याख्याता एवं गणित विषय के विशेषज्ञ राजेश चंद्राकर ने कहा कि रामानुजन गणित के प्रमेय, इंफाइनर सीरिज, फ्रैक्शन नंबर थ्योरी और मैथमेटिकल एनालिसिस के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति में अहम योगदान दिया। संस्थान से गणित विषय के व्याख्याता किरण कन्नौजे ने कहा कि रामानुजन अपने 32 वर्ष की आयु में 3900 परिणामों (समीकरणों और सर्व समिकाओं) का संकलन कर गणित के विद्यार्थियों को समर्पित किया। साहित्यकार एवं संस्थान के व्याख्याता टेकराम सेन ने गणित विषय को जीवन दर्शन निरुपित करते हुये कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में कर्ण की तरह झुका होता है उसका आधार बहुत अच्छा होता है एवं जीवन में काफी ऊंचाईयों तक लम्ब की तरह पहुंचता है। पाइथागोरस प्रमेय जीवन की सच्चाइयों को निरुपित करता है। गणित विषय के छात्राध्यापकों ने संगोष्ठी में हिस्सा लेते हुए विचार माला में गणित की महत्ता को स्पष्ट किया। जिसमें प्रमुख रुप से किसन साहू, मंजू यादव, रेणुका, सीतल साय, गोविन्द चौधरी, कुलेश्वर चंद्रधारी, युवराज टंडन, गितेश, हितेश एवं देशराज ने सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम की सफलता में सहायक प्राध्यापक के सिंग, उमा देवी शर्मा, संतोष साहू, कमलेश पांडेय, सुमन दीवान, तिलोत्तमा प्रधान, दुर्गा सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, ईस्वर चंद्राकर सहित चात्राध्यापक स्वाति जगत, मेघराज सहित सभी का योगदान रहा। उक्त जानकारी किरण कन्नौजे व्याख्याता गणित ने दी।

भागवत कथा सुनने का फायदा तब, जब हम उसे अपने जीवन में उतारे : संत गोवर्धन

महासमुंद। जगत विहार कालोनी में भागवत कथा की धूम मची हुई है। हरिराम साहू, यामिनी इंगेश साहू, दीप्ती कुंदन साहू द्वारा अपने पूर्वजों के सम्मान और मुक्ति के लिए सिरकटी आश्रम के प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता संत गोवर्धनशरण के मुख से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी कथा सुनने का फायदा तभी होता है जब हम उस कथा के रस को अपने जीवन में उतारेंगे। और उसका स्मरण करेंगे। और तभी इससे जीवन में मंगल और आनंद की प्राप्ति होगी। अन्यथा उस कथा का हमारे जीवन में कुछ महत्व नहीं रह जाता और वह बस एक मनोरंजन बनकर रह जाता है। और एक कानों से सुनकर बाद में दूसरे कानों से निकलने वाली बात हो जाती है।

भागवत कथा सुनने से हमारे जन्मों के पाप नष्ट हो जाते है और इसको सुनने से मन में आध्यात्मिक विकास होता है। और जहां अन्य युगों में मोक्ष की प्राप्ति करने के लिए कड़ी मेहनत और परिश्रम करनी पड़ती थी। वहीं कलयुग में भागवत कथा सुनने मात्र से मुक्ति मिल जाती है। उसके अंदर का सोया हुआ ज्ञान और वैराग्य सब वापस आ जाते है। भागवत कथा उस कल्पवृक्ष के समान हैं जो हमारी इच्छाओं की पूर्ति कर देता है। श्रीमद भागवत कथा हिंदू धर्म के 18 पुराणों में से एक है। इसे भगवतम भी कहते

है। इसका मुख्य उद्देश्य भक्ति मार्ग या योग है। श्रीमद भागवत कथा में भगवान कृष्ण को सभी देवों व स्वयं भगवान के रूप में दर्शाया गया है। भागवत कथा में रस भाव की भक्ति को भी बताया गया है। इसमें भगवान कृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन किया गया है। जिसके सार को सुनकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा का श्रवण कर ही राजा परीक्षित को मुक्ति की प्राप्ति हुई थी। और इस बात का कलियुग में आज भी प्रमाण मिलता है। उन्होंने कहा कि कहा जाता है भागवत कथा सुनने से प्राणों को मुक्ति मिलती है। सत्संग और कथा के माध्यम से ही तो मनुष्य भगवान के चरणों में पहुँचता है। अगर मनुष्य कथा का श्रवण न करे तो इसी मोह माया से भरी दुनिया के चक्कर में रह जाएगा। इसीलिए मनुष्य को समय निकल श्रीमद भागवत कथा का अध्ययन करना चाहिए और भगवान निस्वार्थ सेवा करनी चाहिए। और अपनी आने वाले पीढ़ियों को भी संस्कार सीखने चाहिए और उनको कथा सत्संग सुनाना चाहिए। ताकि वह भी भक्ति के मार्ग पर बने रहे।भागवताचार्य ने कहा कि हमारे प्यारे कृष्ण की रासलीला देखने के लिए देवों के देव यानी महादेव को भी एक गोपी का रूप धारण करना पड़ा। वैसे भागवत कथा हर मनुष्य के भाग्य में नहीं होती है, बहुत भाग्यशाली ही होते है जिनके भाग्य में भागवत कथा श्रवण करने का अवसर होता है। देखा जाए तो भागवत कथा कलियुग में साक्षात भगवान के दर्शन के बराबर होते है। भागवत कथा के स्मरण करने मात्र से हमारे सभी पाप नष्ट हो जाते है और अनंत पुण्यों की प्राप्ति होती है। मद भागवत कथा का श्रवण करने हेतु देवता गण भी तरसते रहते है।

धान बोनस राशि वितरण समारोह में शामिल हुए विधायक अग्रवाल

सुशासन दिवस पर किसानों को बांटे गए दो साल के बकाया धान की बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर धान बोनस राशि वितरण समारोह का आयोजन कृषि उपज मंडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बसना विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रुपकुमारी चौधरी ने की। सर्वप्रथम विधायक एवं पदाधिकारियों के द्वारा स्व अटल बिहारी वाजपेयी की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सुशासन दिवस पर बोनस राशि प्राप्त करने वाले सरिंदर सिंह, बनमाली, बस्तीराम, फगुलाल, महेंद्र पाल, जगेश्वर, राधेकृष्ण, कमलेश, नवीन साहू, कुंतल साहू, खिरोद, उमराव, कांता प्रसाद सुनील प्रधान, त्रिलोचन पटेल सहित क्षेत्र के अनेक किसानों को बोनस राशि प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। विधायक डॉ अग्रवाल ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए समस्त किसानों व क्षेत्रवासी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से कुशल नेतृत्व से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई है, उसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री स्व वाजपेयी ने अपनी नेतृत्व क्षमता से विश्व पटल पर अपनी गहरी छाप छोड़ी।

उन्होंने सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने देश के विकास में हरसंभव योगदान दिया। उन्होंने पक्की सकड़ों का जाल बिछाया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत गांव-गांव पक्की सड़कों से जुड़ गए हैं। बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान की शुरूआत की। उनके कार्यकाल के दौरान ही मोबाईल नेटवर्क पूरे देश में फैला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसानों को धान बोनस दिए जाने गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के 12 लाख किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए का वितरण किया गया। प्रदेश सरकार किसान हित की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। जिला संयोजक डॉ एनके अग्रवाल ने कहा कि एक साधारण परिवार में पैदा होकर जन सेवा में समर्पित भावना से कार्य कर भारतरत्न से सम्मानित किया गया। देश के प्रधानमंत्री बने। स्व अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का भारत बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रूपकुमारी चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने किए वादे को पूरा कर रही है ये प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। सुशासन दिवस हम अवश्य मना रहे हैं लेकिन स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने जो सपना संजोया था। वही हिंदुस्तान बनेगा। किसानों के हित में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने त्वरित निर्णय लेकर छत्तीसगढ़ की जनता को बता दिया कि भाजपा जो कहती वह करती है। इस अवसर पर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, जिला संयोजक एनके अग्रवाल, बसना मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, भाजपा नेता धनमाली साव, नपं अध्यक्ष गजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, अखिलेश भोई, त्रिलोचन भोई, जन्मजय साव, एनएल भोई, शिवकिशोर साहू, जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, अमित साहू, मोहित पटेल, एसडीएम रविराज ठाकुर, एसडीओपी अभिषेक केशरी, जनपद सीईओ सनत महादेवा, तहसीलदार नमिता मारकोले, थाना प्रभारी आशीष वासनिक, शाखा प्रबंधक पीआर डड़सेनाा, विपणन अधिकारी पुष्पेंद्र पिसदा, सह विपणन अधिकारी मनोज नायक आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

झलप में मनाया गया सुशासन दिवस

महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी झलप पटेवा मंडल के ग्राम झलप के बूथों में पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन को सुशासन दिवस रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक भुनेश्वर राव कांटे, भाजपा मंडल महामंत्री चंद्रहास गोलू चंद्राकर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू, युवा मोर्चा महामंत्री दीपक मोंगरे, राजा अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष संतोष पंडा, मोर्चा उपाध्यक्ष पूरन मार्कंडेय, भाजपा नेता आशीष रज्जन गुप्ता, गोवर्धन चक्रधारी, मोनू ईश्वर आवड़े, दुर्गेश यादव, विजय साहू, चैतु मार्कंडेय, विनोद यादव, गोलू पटेल, रामदयाल, दीपक कोसारिया, शेखर ध्रुवंशी, केशव साहू, निखिल, दिलीप ध्रुवंशी आदि मौजूद रहे।

तुमगांव में मनाया गया सुशासन दिवस

महासमुंद। भाजपा तुमगांव सिरपुर मंडल के सभी मंडल के विभिन्न ग्राम व नगर पंचायत तुमगांव में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। नगर पंचायत तुमगांव में यह कार्यक्रम सहकारी समिति मंडी प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता चैनु राम साहू, मोती साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, पार्षदगण धर्मेंद्र यादव, गंगाप्रसाद निषाद, पोषण निर्मलकर, पुष्कर यादव, राकेश तिवारी, पोषण, डीडी यादव, खोरबहारा साहू, गेंदलाल यादव, कार्तिक सेन, भारत निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

शहर में गीता वाचन कार्यक्रम हुआ

महासमुंद। गीता जयंती पर दुर्गा वाहिनी महासमुंद द्वारा मां गायत्री अध्यात्म केंद्र महासमुंद में गीता वचन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें बहनों द्वारा गीता का पूजा अर्चना कर गीता वाचन किया गया। माहेश्वरी सेन के सौजन्य से सभी बहनों को गीता भेंट किया गया। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी के जिला संयोजिका अदिति चंद्राकर सहित दुर्गा वाहिनी की बहनें उपस्थित थीं।

संयोजक कर्मचारी संघ ने की विधायक से मुलाकात

बसना। विधायक डॉ संपत अग्रवाल से स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ महासमुंद ने भेंट की। उन्होंने सभी से परिचय भी प्राप्त किया और समस्याओं को बिंदुवार सुना और समझा भी। समाधान के लिए अतिशीघ्र ठोस पहल और निर्देश कर अपने निज सहायकों को नोट भी करवाया। उन्होंने बताया कि मेरे दरवाजे चौबीसों घंटे जनता की सेवा हेतु खुले रहेंगे, ऐसे जननायक को अपने बीच पाकर वहां मौजूद सभी कर्मचारी और जनता बहुत खुश दिखे। आगे भविष्य में विधायक के स्वागत एवं अभिनंदन के लिए एक विशाल अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा इस बात की जानकारी उन्हें दी गई है। भेंटवार्ता में सम्भाग से संभाग अध्यक्ष एवं प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सुरेश पटेल, जिले से जिला अध्यक्ष विनय प्रधान, जिला प्रवक्ता योगेश प्रजापति, जिला सचिव अमित अवस्थी, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष लोकनाथ पटेल, बसना ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कर, सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष डोलामणी भोई एवं बसना से कीर्ति प्रधान उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी बसना ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कर ने दी है।

भंवरपुर में अक्षत कलश वितरण यात्रा निकाली गई जनपद सदस्य साहू ने सिर पर रखा कलश

बसना। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण के लिए भेजे गए

पूजित अक्षत कलश वितरण यात्रा रविवार को विश्व हिंदू परिषद् के नेतृत्व में भंवरपुर स्वागत द्वार से जय श्रीराम के जयकारे से प्रारंभ हुई। इस भव्य कलश यात्रा में बसना जनपद सदस्य ताराचंद साहू शामिल हुए। उन्होंने श्रीराम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र सहित पूरे भारतवर्ष के लिए मंगल कामना की। इस दौरान पूरा नगर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम लला नव निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दिन अयोध्या में भव्य आयोजन होगा। जिसका पूरा विश्व साक्षी बनेगा। अयोध्या में पूजित अक्षत पीले चावल, पत्रक व श्रीराम का चित्र निमंत्रण स्वरूप घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर करुणाकर उपाध्याय, बसंत अग्रवाल, विकास अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, नोरतन अग्रवाल, शशिकांत बारीक, कमल स्वर्णकार, सोहन पटेल, चंद्रमणि , अशोक शर्मा, संजय अग्रवाल, प्रतीक देवांगन मौजूद रहे।

प्रदेश के 12 लाख किसानों को मिला धान का बकाया बोनस : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी

- विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा- ये मोदी की गारंटी है, जिसकी पूरी होने की गारंटी

जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रदेश के किसानों को बधाई देते हुए कहा कि आज सुशासन दिवस पर प्रदेश की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो वर्षों के धान का बकाया बोनस सीधे किसानों के खाते में जमा कराया। प्रदेश के किसानों ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए प्रदेश की बागडोर सौंपी और भारतीय जनता पार्टी उन किसानों के भरोसे पर खड़ा उतारते हुए एक के बाद एक बड़ी-बड़ी घोषणाओं को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्षों के बकाया धान का बोनस मिलने से प्रदेश के किसानों में भारी उत्साह है। पूर्व प्रधानमंत्री व भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मना रही है और प्रदेश की किसानों को सुशासन दिवस के दिन ही अपने घोषणा के अनुरूप प्रदेश के 12 लाख किसानों को 3716 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। विधायक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा भी करती है यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है, जिसकी पूरी होने की पूरी गारंटी है। भाजपा की प्रदेश सरकार ने इससे पहले अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की राशि स्वीकृत कर अपने संकल्पों की पूर्ति की दिशा में पहल की है। साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए में खरीदने का आदेश देकर मुख्यमंत्री साय ने गरीबों और किसानों के कल्याण के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास, किसानों को बकाया धान का बोनस देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा अपने किए संकल्पों को पूरा कर प्रदेश में खुशहाली ला रही है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विकास की गति को तेजी दे रही हैं।

जिले के 1 लाख 72 हजार किसानों को मिला 352 करोड़ का बोनस

महासमुंद। सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू एवं सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने दो साल के बकाया बोनस जारी होने पर

कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव के पूर्व किए गए घोषणा मोदी की गारंटी पर अमल शुरू हो गया है। किसानों से जहां प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की शुरूआत हो गई है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जिले सहित प्रदेश के 13 लाख किसानों को दो साल के बकाया बोनस की राशि अंतरिम कर दी गई है। इससे जिले के लाभांवित एक लाख 72 हजार किसानों को 352 करोड़ की राशि दिया गया है। इससे किसानों में खुशी की लहर देखी जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि कई किसानों को यह आशंका थी कि बोनस की राशि का कर्ज में समायोजन कर दिया जाएगा। लेकिन, किसानों के हित चाहने वाली प्रदेश सरकार ने ऐसा नहीं किया और पूरी राशि किसानों में खाते में डाल दिया गया। इसी प्रकार आने वाले दिनों में मातृ शक्ति वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह एक हजार रूपए देने की भी शुरूआत की जाएगी, जिससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। जबकि, 18 लाख पीएम आवास के निर्माण की स्वीकृति दी जा रही है।

मोहगांव के विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय का किया भ्रमण

बसना। शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के विद्यार्थियों ने प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के नेतृत्व में जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली सरायपाली का शैक्षणिक भ्रमण किया। कक्षा पाँचवीं के 60 बच्चों ने नवोदय विद्यालय में जाकर वहां साइंस पार्क, एकेडमिक भवन, हॉस्टल, मेस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय छिंदपाली के व्याख्याता बीके पटेल और बीआर पटेल ने बच्चों व शिक्षकों को साइंस पार्क में स्थित सभी मॉडलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसे बच्चों ने

उत्साहपूर्वक समझा। तत्पश्चात एकेडेमिक भवन, हॉस्टल, मेस के बारे विस्तार से बताते हुए बच्चों को विद्यालय के गतिविधियों की जानकारी दी। नवोदय विद्यालय द्वारा बच्चों व शिक्षकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। प्रधान पाठक भोजराज प्रधान द्वारा वर्ष 2015 से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है, इनके कुशल मार्गदर्शन में हर वर्ष बड़ी संख्या में बच्चों का चयन हो रहा है। भोजराज प्रधान ने बताया कि इस वर्ष नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के पूर्व यह शैक्षणिक भ्रमण बच्चों को परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी और अधिक संख्या में बच्चे चयनित होंगे। विद्यालय के सहायक शिक्षक गौरीशंकर पंडा, पालक विजय बारीक, मनोज नायक, निरंजन भोई, युवराज मांझी का विशेष सहयोग रहा। बीके पटेल और बीआर पटेल ने बच्चों को चयनित होकर आने प्रेरित किया।

एनएसएस शिविर में नशामुक्त भारत पर दिया जोर

सरायपाली। रामचंडी महाविद्यालय बगईजोर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बगईजोर में किया जा रहा है। तृतीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में विषय नशामुक्त भारत में युवा की भूमिका थी। जिसमें वक्ता वीरेंद्र चौधरी, राजेश महाणा, धनीराम पटेल, प्राचार्य डॉ एनके भोई, आरएस मांझी ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार को नशा विक्रय पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, जिससे नशा पर अंकुश लगाया जा सकता है। साथ ही राजेश महाणा ने कहा कि मन को ध्यान कर मन को रूपांतरण कर किया जा सकता है और नशा को समाप्त किया जा सकता है। धनीराम पटेल ने कहा कि नशा सिर्फ दृढ़संकल्प से ही छोड़ा जा सकता है। प्राचार्य भोई ने युवाओं को दिशा-दशा में सुधार की बात कही। नशा से स्वयंसेवकों को बचने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम में गोवर्धन यादव, प्रियंका दीप, गोपराम और एनएसएस. छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी भरत कुमार प्रधान ने दी।

मामा-भांचा समिति में मनाया गया बोनस त्योहार

महासमुंद। सहकारी समिति मामाभांचा में बोनस त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रवक्ता येतराम साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी थी कि 25 दिसंबर को दो वर्ष का बकाया बोनस दिया जाएगा। जिसको प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ लेते ही कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति प्रदान कर 25 दिसंबर को किसानों के खाता में पैसा डाल कर अपने वादे को पूरा करने की शुरुआत की है। साहू ने कहा कि 18 लाख आवास और महतारी वंदन की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। किसानों के धान 21 किवंटल की खरीदी शुरु कर अपने सभी वादे पूरा करने कृत संकल्पित है। किसान सम्पन्न हो उनकी उपज की सही कीमत मिले इसके लिए प्रधानमंत्री 2014 से केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद समर्थन मूल्य में जो बढ़ोतरी हुई रासायनिक खाद में केंद्र जो सबसिडी दी जा रही यह किसान की प्रगति में मिल

का पत्थर साबित हो रहा है। कार्यक्रम को थानसिंग दीवान जिला कोषाध्यक्ष, दुबेलाल साहू जिलाध्यक्ष, धरम दीवान मंडल अध्यक्ष, घनश्याम साहू जनपद सदस्य ने भी संबोधित किया। उपस्थित किसानों को बोनस प्रमाण पत्र दिया गया। संचालन सुरजीत साहू उपाध्यक्ष एवं आभार प्रदर्शन मनीष चंद्राकर व्यवस्थापक ने किया। कार्यक्रम में उत्तम साहू, जगदीश चंद्राकर, संतराम साहू, भागवत चंद्राकर, सेवक साहू एवं किसान एवं समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेल आनंद महोत्सव, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में बाल कैबिनेट के तत्वावधान में ग्रामवासी एवं नवयुवा समिति के सहयोग से खेल आनंद महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव में शाला के बच्चों के साथ पालकों ने भी बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता दी। इस वर्ष के खेल महोत्सव में प्राथमिक शाला कोकड़ी संकुल खट्टा के बच्चे भी शामिल हुए। विभिन्न खेलों में जहां बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई तो किसी खेल में अपनी माता, दादी के साथ मिलकर बेहतर तालमेल का प्रदर्शन किया। इस खेल आनंद महोत्सव के आयोजन के लिए पालकों की ओर से यथाशक्ति नगद राशि, युवा समिति के ऊर्जावान युवाओं की ओर से प्रमाण पत्र, पुरुषोत्तम बरिहा ने साउंड सिस्टम, मिलाप साहू ने टेंट, कॉरपेट की व्यवस्था, दरस यादव ने मैदान समतलीकरण के लिए ट्रैक्टर व्यवस्था, वेशराम निषाद की ओर से प्रत्येक प्रतिभागियों को मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा बाल कैबिनेट के उपप्रधानमंत्री चाँदकुमार ध्रुव व सालनी सिन्हा कक्षा 5 रहे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि लेखराम ठाकुर, घनश्याम साहू, संकुल समन्वयक महेंद्र सिंह ध्रुव, मिडिल स्कूल बनपचरी से कल्याण पटेल, प्राथमिक शाला कोकड़ी से गेंदलाल कोकड़िया, बरेकेल से प्रधानपाठक यतेंद्र देवांगन, बनपचरी प्रधानपाठक अंजू ध्रुव, तेन्दुवाही प्रधानपाठक पूर्णिमा साहू, चिरको से देवकुमार खूंटे, रामेश्वर बंजारे, दर्रीपाली से नोहर ध्रुव, चेतना विकास मूल्य शिक्षा केंद्र तेंदूवाही से राखी कोकड़िया, दौलत दीवान, हीरालाल साहू, योगी राम साहू, संतराम दीवान, भारत माता वाहिनी महिला समूह से लगन ध्रुव, नीरा दीवान और सदस्य, तिलक साहू, राजकुमारी साहू, कचरी बाई दीवान, सुनीता दीवान, यादराम साहू, युवराज ध्रुव, ऐवेंद्र दीवान, कृपा राम ध्रुव, डगेश्वर साहू, मयाराम दीवान, दल्लू राम यादव उपस्थित थे। इस महोत्सव की सफलता में एसएमसी अध्यक्ष पिरित राम साहू, घांसुराम दीवान, हितेश दीवान, अभिषेक दिवान, दरश यादव, वेशराम निषाद, सेवक राम दीवान, सुरेंद्र सिन्हा, पंचराम ध्रुव व पालकों के साथ शिक्षक धर्मेंद्र ध्रुव, पुष्पलता पटेल, रसोईया बिसनी बाई दीवान, हेमलता ध्रुव, सफाई कर्मचारी सुकदेव दीवान का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने किया।

विभिन्न खेलों का परिणाम

बालिका वर्ग खेल में कबड्डी में कक्षा चौथी प्रथम, कक्षा 5 द्वितीय, दीया जलाओ में डिम्पल, हिमानी, हिमांशी, चम्मच दौड़- लालिमा, ललिता, सालनी, बॉल बास्केट - राखी, प्रियंका, डिम्पल, बॉल फूँक- ओमकुमारी कोकड़ी, हिमांशी साहू, हिमानी, मुंह बनाओ-बिस्कुट खाओ - राखी, लक्ष्मी कोकड़ी, नैना कोकड़ी, बिल्ली चाल-बाल डाल डिम्पल, प्रियंका, मीरा, चूड़ी जमा करो लालिमा, इंद्राणी साहू, चुमेश्वरी, रिले रस- लालिमा-रूखमणी, इंद्राणी-चुमेश्वरी, ललिता-रेशमी, सुई धागा दौड़ - लालिमा, इंद्राणी साहू, रानू कोकड़ी, मेढक दौड़- प्रियंका, हिमांशी, हिमानी, चखो और बताओ- काव्या, रेशमी, ललिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। बालक वर्ग कबड्डी में कक्षा 4 प्रथम, कक्षा 5 द्वितीय, बोरा दौड़-शिखर, धनराज, प्रेमसागर, लंबी कूद- शिखर, ललित, शुकसागर, बॉल बास्केट -ओम, ओशराज, डिगेंद्र, बॉल फूँक- ओमकुमार, ओम, गोविंद कोकड़ी, मुंह बनाओ-बिस्कुट खाओ - हिमांशु, मुकेश, प्रेमसागर, बिल्ली चाल-बाल डाल ओम, ओशराज, युगेश, सुई धागा दौड़-थनेश्वर, हिमांशु, ओशराज, मेढक दौड़- ओश, युगेश, पंकज, कलेक्ट बॉल -शिखर, ईश्वर कोकड़ी, अनुराग, चखो और बताओ- धनराज, तन्मय, ओशराज क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। पालक माता वर्ग में कुर्सी दौड़ में मीना दीवान प्रथम, भारती साहू द्वितीय, हीरा डड़सेना, तृतीय, चम्मच दौड़ में संतोषी सिन्हा प्रथम, कमली दीवान द्वितीय, अमरीका ध्रुव तृतीय स्थान प्राप्त किए।

खबर संक्षेप

वाजपेयी की जयंती मनाई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, शशि चंद्राकर, लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, बबली चंद्राकर, जय चंद्राकर, फेकन चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

तुलसी जयंती मनाई गई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में मां तुलसी की जयंती पर माता तुलसी की पूजा अर्चना की गई। इसमें सरोज चंद्राकर, लीना चंद्राकर, ममता चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, लता चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि तुलसी के पौधे की पूजा को हिंदू धर्म में काफी महत्वपूर्ण माना गया है। हिंदू धर्म के लोगों ने सुबह और शाम दोनों ही समय तुलसी की पूजा करते हैं।

टोंगोपानीकला में चलाया गया स्वच्छता अभियान

महासमुंद। बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोंगोपानीकला में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। बाद गांव में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अटल चौक में साफ सफाई की और रंग रोगन भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव सत्येंद्र चंद्राकर, ग्राम पंचायत सरपंच हरखराम, हेमकुमारी साहू उपसरपंच, अंजोरसिंह ठाकुर रोजगार सहायक, देवेंद्र साहू ग्राम पंचायत पंचगण एवं ग्रामीण खीरुराम ठाकुर, रामलाल ठाकुर, दुकालू ठाकुर, हेमंत साहू, प्रदीप साहू, नायकराम ठाकुर, यादोंराम साहू, नेपाल ठाकुर, बालकुवर ठाकुर, सुनैना साहू, चमेली ठाकुर, गायत्रीसाहू, बसंता बाई साहू आदि मौजूद रहे।

मोदी की गारंटी हर घर में पहुंच रही: स्मिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मोदी गारंटी योजना के तहत 2 साल का बोनस का वितरण बोनस त्यौहार के रूप में कृषि उपज मंडी प्रांगण में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर मौजूद रही। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य अलका नरेश चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, जनपद उपाध्यक्ष भेखलाल साहू, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, सागर चंद्राकर, पिलेश्वर पटेल, नरेश चंद्राकर, हितेश चंद्राकर, भीखम ठाकुर, बलराम ठाकुर, मोनिका साहू, आबिद खान, जानहवी साहू, शंकर तांडी, सत्तू तांडी, मूलचंद साहू, संजय मालवे, पूनम सिरी, हरमीत बग्गा रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के तल चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग द्वारा बताया गया कि बागबाहरा ब्लॉक के अंतर्गत 14 समितियां आती हैं, जिसमें 33453 किसान पंजीबद्ध है। वर्ष 2014-15-16 में 20 लाख 22 हजार हजार 940 क्विंटल धान खरीदी हुई थी, जिसका बोनस वितरण 60 करोड़ 68 लाख 73 हजार 120 रुपए हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने कहा कि वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ को अलग कर जो सपना विकास के लिए देखा था आज उसे हमारे प्रधानमंत्री मोदी साकार कर रहे हैं। मोदी की गारंटी आज से शुरू हो गई है। किसानों को 2 साल का बोनस वितरण किया जा रहा है। साथ ही किसानों को 21 क्विंटल धान खरीदी 3100 रुपए में भुगतान भी हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी की गारंटी हर गांव गांव हर-हर घर-घर पहुंच रही है, जिससे हर वर्ग को सरकार की हर योजना का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी चालू हो गई है। बोनस धान खरीदी समर्थन मूल्य 3100 में 21 क्विंटल में धान खरीदी चालू है। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार लबरा थी। सिर्फ छत्तीसगढ़ को लूटने का ही काम किया था। चुनाव के समय 36 घोषणा कर सत्ता में आई, लेकिन कोई भी घोषणा को पूरा नहीं किया गया। हमने गरीबों के लिए पिछले 5 सालों तक हक के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ाई लड़ी, लेकिन आज मोदी गारंटी योजना कुछ दिनों में चालू हो गई है। जिससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा। पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान ने कहा कि क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था छग बनाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने की थी। उन्होंने किसान के दुख दर्द को समझते हुए किसानों के लिए बैंकों के माध्यम से किसानों का पैसे के लिए उन्होंने क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था की थी। साथ ही उन्होंने 0% ब्याज पर किसानों को ऋण देने के लिए जिला सहकारी बैंक के माध्यम से व्यवस्था की गई थी। आज किसान जिला सहकारी बैंक व समितियां के माध्यम से किसानी कार्यों के लिए 0% ब्याज पर ऋण लेते हैं।

बागबाहरा पालिका में मनाया सुशासन दिवस

बागबाहरा। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद बागबाहरा में अटल बिहारी वाजपेयी की छायाचित्र पर नगर पालिका बागबाहरा उपाध्यक्ष दीपक यादव द्वारा माल्यार्पण किया गया। गिरधर सारडा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विवेकानंद सिंह ठाकुर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, सुरेश नरेडिया, इंद्रजीत सिंह चांवला, डुनेश्वर साहू, भीखम सिंह ठाकुर, पार्षद सूर्य कुमार देवांगन, साधना सोनी एवं नगर पालिका परिषद बागबाहरा के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सुशासन दिवस पर सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार 25 दिसंबर को सुबह 9 बजे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद परिसर की साफ-सफाई पार्षद एवं भाजपा नगरी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी, सांसद प्रतिनिधि राकेश सचदेव, पूर्व सरपंच धनंजय ठाकुर, भाजपा नेता विक्की गुरुदत्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ डॉ यासमीन खान अधिष्ठाता व डॉ अकरम खत्री उप अस्पताल अधीक्षक की उपस्थिति में की गई। अभियान में चिकित्सालय के अधिकारी कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बाद पार्षद राठी व सहयोगियों द्वारा स्व अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए सुशासन दिवस पर आमजन को गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता पर जोर देने का संदेश दिया।

साथ ही अधिष्ठाता को चिकित्सालय के बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए सराहना करते हुए अस्पताल परिसर के साथ ही वार्ड एवं ओपीडी में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखे जाने की बात कही। वहां उपस्थित सफाई कर्मचारियों का भी हौसला बढ़ाते हुए उनके कार्यों की सराहना। आयोजन में चिकित्सालय के लोकेश पटेल, प्रणय खरे, विनोद महोबिया व खेमूराम बघेल की अहम भूमिका रही।

स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शहर मंडल बागबाहरा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम सफाई अभियान चलाया गया। फिर वाजपेयी की तैलचित्र पर माल्यार्पण और गुलाल लगाकर मरीजों को फल वितरण किया। वाजपेयी के छत्तीसगढ़ निर्माण और प्रधानमंत्री कार्यकाल में किए गए स्वर्णिम कार्यों के बारे में मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू ने बताया। अलका नरेश चंद्राकर ने कहा कि वाजपेयी ने सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रधानमंत्री सड़क योजना बनाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अलका नरेश चंद्राकर, जिला मंत्री शंकर तांडी, नरेश चंद्राकर प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर, महामंत्रीद्वय सत्तू तांडी, हरमीत बग्गा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष, आबिद खान, पूनम चंद्राकर, संजय मालवे, बलराम ठाकुर, नारायण तांडी, नरेंद्र बग्गा, भावेश पुरोहित, ज्योति साहू, जावेद खान, बृजेश गुप्ता, गजेंद्र साहू, डेरहा यादव, सिकंदर सोनवानी, अशोक दीप, अशोक ध्रुव, डेविड साहू समेत स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉफ मौजूद रहे।

भगवान ने राम अवतार में दी थी मर्यादित जीवन जीने की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शारदा चौक रावणभाठा पारा में श्रीमद भागवत कथा जारी है। कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म की कथा सुनने हजारों की संख्या में श्रोता जुटे। जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी की धुन पर पूरा पांडाल झूम उठा। कृष्ण के बाल स्वरूप झांकी ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

शारदा चौक रावणभाठा पारा पिथौरा में आयोजित भागवत कथा के वाचक व्यास आचार्य पं राहुल महाराज के श्रीमद भागवत कथा पर प्रवचन चल रहा है। चौथे दिन की कथा में व्यास आचार्य पं राहुल महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा में कृष्ण जन्म के पूर्व सूर्यवंश की कथा कही गई है। क्योंकि, भगवान श्रीराम मर्यादा पुरूषोत्तम जबकि कृष्ण लीला पुरूषोत्तम है।

उन्होंने कहा कि भगवान ने अपने राम जन्म में मर्यादित जीवन जीने की सीख मानव समाज को दी है। जबकि, कृष्ण जन्म में भगवान ने अपनी लीलाओं की उदात्तता को परिभाषित किया। आज की कथा में भगवान के नाम की महिमा का गुणगान करते हुए अजामिल कथा प्रसंग को मार्मिक ढंग से सुनाया। प्रह्लाद चरित्र की कथा कहते हुए उन्होंने कहा कि इस कथा से सीख मिलती है कि आहार व्यवहार तथा आचार विचार से समर्पित व्यक्ति को चाहे वह बाल्यावस्था में ही क्यों ना हो भगवान को प्राप्त होना अवश्यंभावी है।

तीन करोड़ 52 लाख रुपए का धान बोनस अंतरित : जयप्रकाश

महासमुंद। समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2015 एवं 2016 की बचत बोनस राशि प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण सहकारी समिति चरौदा में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवन साहू भाजपा नेता खल्लारी, अध्यक्षता देवक राम साहू समाज सेवी एमकेबाहरा, विशिष्ट अतिथि रामनारायण साहू ग्राम प्रमुख, नुभे साहू थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ महतारी भारत माता की पूजा अर्चना कर हुआ। संस्था के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने आतिथ्य उद्बोधन के दौरान धान बोनस की राशि कुल 938 किसानों के तीन करोड़ 52 लाख रुपए अंतरित कहे जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह राशि लगभग कर्ज माफ़ी के बराबर की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन के दौरान डबल इंजन की सरकार के फायदों को बताया एवं धान की कीमत शीघ्र 3100 रुपए होने की बात कही। सभा को देवक राम साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने किसानों को धान बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मोहन कुलदीप नंदनी सिन्हा, मनोज चंद्राकर, कामता प्रसाद चंद्राकर, उमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, नीलकंठ पटेल, बोहरण सिंह ठाकुर, गॉवर्धन पटेल, तोषण साहू, मिलू राम साहू, भोलाराम साहू आदि मौजूद रहे।

पिछली सरकार में छोड़े बकाया बोनस राशि देना महज छलावा: अंकित

- भाजपा की घोषणा थी 2016-17 व 2017-18 का, आर्डर निकाला 2014-15 व 2015-16, बचा होगा 2015-16 व 2016-17

महासमुंद। कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने भाजपा सरकार के उन्हीं की पिछली सरकार में छोड़े बकाया बोनस देने के वादे को लोकसभा चुनाव के उद्देश्य से फायदा लेने का हथकंडा बताया। उन्होंने कहा भाजपा शासन ने अपने समय का बकाया बोनस कम किसानों को देना पड़े इसका षड्यंत्र रच रही है। क्योंकि, चुनाव पूर्व उनके घोषणा पत्र में भाजपा की घोषणा थी कि उनके द्वारा छोड़ा 2016-17 व 2017-18 का बोनस देंगे, पर सरकारी आदेश निकला 2014-15 व 2015-16 का बकाया बोनस दिया जाएगा। अंकित ने बताया कि बोनस तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी देना चाहते थे, पर केंद्र की भाजपा सरकार ने अनुमति नही दी थी। अंकित ने मांग करते हुए कहा कि भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार बताए कि केंद्र के कौन से आदेश से दे रही बोनस दे रही, 7 साल पुराने दो साल के बचे बोनस को भाजपा ब्याज समेत लौटाए, 24 लाख किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त भी दे भाजपा, उसके पैसे से आगामी समय के बचे बोनस को ना दे भाजपा, दो साल के बकाया बोनस की सूची क्यों जारी नहीं हो रही है? जो दो साल का भाजपा शासन के समय का बोनस है उसके मृत, बंटवारा हो चुके, खेत बेच चुके किसानों के बोनस क्या होगा?

धान बोनस के साथ 7 साल का ब्याज भी दे भाजपा सरकार: द्वारकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के बकाया धान के बोनस के साथ-साथ उक्त बोनस राशि का ब्याज की राशि भी किसानों को देने की मांग राज्य शासन से की है। बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय में पत्रकारों के साथ चर्चा करते हुए द्वारकाधीश यादव ने बताया कि वर्ष 2013 में भारतीय जनता पार्टी धान में 300 रुपए प्रति क्विंटल बोनस का वादा करते हुए सत्ता पर आसीन हुई थी। लेकिन, उन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ छल करते हुए वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 का बोनस किसानों को नहीं दिया था। जिसका वादा इस वर्ष संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में उनके द्वारा करते हुए वे सत्ता पर काबिज हुए। और आज वह किसानों को 7 साल पुराना धान का बोनस वितरित कर रहे हैं। लेकिन, बोनस के साथ ब्याज न देते हुए राज्य की भाजपा सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है।

बैंक में 7 साल में हो जाता है लोगों का पैसा दोगुना

विधायक यादव ने बताया कि वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 वर्ष के धान बोनस की राशि सरकार आज वितरित कर रही है। लेकिन, उसे बोनस की राशि पर राज्य सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का ब्याज किसानों को नहीं दिया जा रहा है। जिस प्रकार बैंकों में पैसा जमा करने पर 7 सालों के भीतर जमा किया गया धन लगभग दोगुना हो जाता है। उसी प्रकार राज्य सरकार को अपने पुराना बकाया बोनस की राशि के साथ-साथ बैंकों की ही तर्ज पर किसानों को उक्त धान के बोनस की राशि का ब्याज भी देना चाहिए।

विधानसभा पटल पर यादव ने रखी बोनस राशि के साथ ब्याज की मांग

विधायक यादव ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा के प्रथम सत्र के दौरान उन्होंने सदन के पटल पर धान के बोनस की राशि के साथ-साथ किसानों को उक्त राशि का ब्याज देने की भी मांग राज्य सरकार से की है। लेकिन, राज्य सरकार द्वारा इस पर किसी भी प्रकार का जवाब अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी केवल उद्योगपति और अमीर कॉर्पोरेट घरानों का भला चाहती है। छत्तीसगढ़ के किसानों और मजदूर वर्ग का नहीं।

तेंदूकोना में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, 32 टीमों के बीच होगा मुकाबला

तेंदूकोना। तेंदूकोना स्टार इलेवन के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम सरपंच देववंतिन दिलीप दीवान ने फीता काटकर किया। इस दौरान एएस ध्रुव, केएल दीवान, मनीष अग्रवाल, कमलेश नामदेव, डिगेश्वर दीवान, अशोक साहू, शिलेश साहू, तेजन साहू, अंकुश शर्मा, डायमंड दीवान, देवेंद्र बैरागी, बजरंग निर्मलकर, बववा दीवान, रेखराम सहनी, राकेश साहू, चमन निर्मलकर, डिगेश निर्मलकर, नन्ना बरिहा सहित आसपास ग्राम के अधिक संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

शिशु संस्कार केंद्र में मनाया गया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिशु संस्कार केंद्र में दो दिवसीय

- दो दिवसीय हुआ कार्यक्रम, प्री प्राइमरी से 7वीं तक के छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिले के कलेक्टर प्रभात मलिक ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रथम दिवस प्री-प्रायमरी से कक्षा 7वीं तक के बच्चों के कार्यक्रम आयोजित किए गए 23 दिसंबर को हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सचिव शरद जैन द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। एवं पारस चोपड़ा द्वारा छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु उद्बोधन दिया गया व प्रबंधक मनोहर महांती द्वारा बच्चों को उनकी प्रगति के लिए आर्शीवाद प्रदान किया गया।

इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ विजय कापसे, सुभाष बाफना, मनोहर पींचा उपस्थित रहे। प्रथम दिवस 22 दिसंबर को कक्षा नर्सरी से सातवीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम का संचालन भावना गांधी ने किया। दूसरे दिन 23 दिसंबर की प्रस्तुति कक्षा आठवीं से कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। जिसमें बीहू डांस, मराठी डांस, ओडिया डांस, पंजाबी डांस के साथ-साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के डांस प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा खुशबू ध्रुव द्वारा भरत नाट्यम का प्रदर्शन किया गया। साथ ही विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्रा वर्तमान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने शिक्षकों के लिए उन्हें समर्पित करते हुए एक नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षकों द्वारा अपने छात्र-छात्राओं के लिए एक नृत्य द्वारा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया, जिसे दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में शाला के छात्र छत्रपति साहू (आक्टोपेड), कुंदन साहू (आर्गन), पंकज सिंह ठाकुर (नाब) बजाकर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता वाणी ने किया।